
# छत गिरने का खतरा, खुले आसमान के नीचे पढ़ाई

## सिंगरौली में बदहाल शिक्षा व्यवस्था ने खोली सरकार के दावों की पोल





नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 6 दिसम्बर। म.प्र. सरकार भले ही शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन सिंगरौली जिले से सामने आ रही तस्वीरें उन दावों की सच्चाई खुद बयां कर रही हैं। विकासखंड देवसर अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र गन्नई की शासकीय प्राथमिक शाला टोपा टोला कुकरावं में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे पिछले कई महीनों से खुले आसमान के नीचे जमीन पर बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं।**

स्कूल की इमारत पिछले करीब पांच वर्षों से जर्जर अवस्था में है। भवन की दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं और कई स्थानों पर सरिया बाहर दिखाई दे रहा है। स्थिति इतनी भयावह है कि कभी भी छत गिरने की आशंका बनी रहती है। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कक्षाएं भवन के बाहर संचालित की जा रही हैं, लेकिन यह केवल अस्थायी समाधान बनकर रह गया है। स्कूल में बुनियादी सुविधाओं की भी भारी कमी है। पीने के पानी के लिए लगे हैंडपंप से जंग मिला दूषित पानी निकलता है, जिसे पीने के लिए बच्चे मजबूर हैं। नल-जल योजना के तहत किया गया कनेक्शन वर्ष 2024 से बंद पड़ा है, लेकिन अब तक उसे चालू कराने की कोई ठोस पहल नहीं हुई। वहीं मध्यान्ह भोजन भी सही ढंग से संचालित नहीं हो रही है। निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन न देकर रोजाना बच्चों को केवल दाल, चावल और सब्जी दी जा रही है। अव्यवस्था और असुरक्षित माहौल से चिंतित अभिभावक अब बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं। उनका कहना है कि शिक्षा जरूरी है, लेकिन बच्चों की जान उससे भी ज्यादा कीमती है। जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण कर केवल आश्वासन देकर लौट जाते हैं, जबकि जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। देवसर बीआरसीसी धनराज सिंह का कहना है कि स्कूल के नए भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है और स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब मौजूदा भवन किसी भी समय हादसे का कारण बन सकता है, तो बच्चों की सुरक्षा के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही। यह हालात शिक्षा का अधिकार और सर्व शिक्षा अभियान पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। न सुरक्षित भवन, न शुद्ध पेयजल और न समुचित व्यवस्था, ऐसे में क्या ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का भविष्य इसी तरह असुरक्षा के साए में पनपेगा। यह तस्वीरें शिक्षा प्रणाली की विफलता को साफ उजागर करती है। इधर बता दें कि इस विद्यालय के हालात पर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अभी तक असफल प्रयास कर रहे हैं। अगर यही हालात रहें तो विद्यालय भवन कब जवाब दे और कोई हादसा हो जाए, कौन जिम्मेदार होगा।

### सरकारी स्कूल में पेयजल व्यवस्था बदहाल



सिंगरौली जिले के देवसर विकासखंड अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र गन्नई की शासकीय प्राथमिक शाला टोपा टोला कुकरावं में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। स्कूल में उपलब्ध हैंडपंप से जंग मिला दूषित पानी निकल रहा है, जिसे पीने के लिए बच्चे और शिक्षक मजबूर हैं। नल-जल योजना के तहत दिया गया कनेक्शन वर्ष 2024 से बंद पड़ा है, लेकिन अब तक उसे चालू नहीं कराया गया। शुद्ध पानी के अभाव में बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका बनी हुई है, जिससे अभिभावकों में चिंता बढ़ती जा रही है।



# तीन दिन से पड़ रही कड़ाके की ठण्ड ऊर्जाधानी का गिर रहा पारा

## चिकित्सकों की सलाह, अलाव बन रहा सहारा


नवभारत न्यूज

**सिंगरौली,6 दिसम्बर। ऊर्जाधानी का पारा दिनों दिन खिसक रहा है। लगातार तीन दिनों से कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। वहीं आज दिन शनिवार सबसे गलन भरा रहा। अब लोगों का अलाव सहारा बन रहा है। इस ठण्ड से बचने चिकित्सको ने भी सलाह जारी किया है।**

इधर बता दें कि जिले में तापमान में अचानक आई गिरावट से ठंड का असर तेजी से बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार पारा लुढ़कने के कारण ऊर्जाधानी क्षेत्र कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। सुबह और शाम के समय ठंडी हवाओं के साथ धुंध और बादलों की मौजूदगी ने ठंड का असर और बढ़ा दिया है। खासकर सुबह के समय लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं और अलाव का सहारा लेने लगे हैं। ठंड का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रहा है। गांवों में मवेशी ठिठुरते नजर आ रहे हैं। किसान अपने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए पुआल, तिरपाल और तात्कालिक शेड का सहारा ले रहे हैं।

### एक नजर में

#### आज आएंगे सांसद, कार्यालय में मिलेंगे जनता से



**सिंगरौली।** लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा कल दिन रविवार 7 दिसंबर को सिंगरौली जिला मुख्यालय बैढ़न स्थिति अपने कार्यालय पर उपस्थित रहेंगे। सांसद इस दौरान आमजनों से मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं को सुनेंगे। सांसद अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिसम्बर मास के प्रथम रविवार बैढ़न स्थित अपने कार्यालय में उपस्थित रह कर जन समस्याओं को सुनेंगे तथा उसके निवारण के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देशित करेंगे।

#### पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने बाबा साहेब को अर्पित की श्रद्धांजलि



**सिंगरौली।** जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा के तत्वाधान में देश के महान संविधान निर्माता, देश के प्रथम कानून एवं न्याय मंत्री, अद्वितीय विद्वान और विधिवेत्ता, सामाजिक न्याय के पैरोकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि आज का यह दिवस हमें उनके द्वारा दिए गए समानता, शिक्षा, न्याय और स्वाभिमान के अमूल्य संदेशों को पुनः स्मरण कराता है, भारत के संविधान की मूल भावना, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को जन-जन तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है और इसी मार्ग पर हम सब प्रतिबद्ध होकर आगे बढ़ते रहेंगे।



# धान के पियरा मशीन में फंसा युवक का सिर और हाथ, दर्दनाक मौत

## मोरवा थाना क्षेत्र के चतरी गांव का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 दिसम्बर। जिले के मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरी गांव में बीते दिन एक दर्दनाक हादसे में युवक की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धान का भूसा बनाने के दौरान युवक अचानक मशीन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक चतरी गांव का ही निवासी था और अपने नाना के घर घूमने आया हुआ था।**

बताया जा रहा है कि युवक घर में लगे भूसा बनाने की मशीन से काम कर रहा था। इसी दौरान असंतुलन के कारण वह मशीन के भीतर जा घुसा। मशीन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तुरंत उसे बाहर निकालने की कोशिश में जुट गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटनास्थल पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। इस हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जिसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर मोरवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया यह हादसा मशीन में फंसने से होना बताया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# सड़क पर बह रहा शहर का अमृत जल, गर्मी में कहां से लाओगे पानी!

## बैढ़न-विंध्यनगर मार्ग के वोल्वो के सामने कई दिनों से अमृत जल की पाइप फटी, जिम्मेदार बने हैं अनजान



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 दिसम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न के बैढ़न-विंध्यनगर मार्ग वोल्वो के सामने कई दिनों से सड़क पर हजारों लीटर पानी दिन भर बह रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन जिम्मेदार अधिकारी निकल रहे हैं। लेकिन इस अमृत जल को सजोने का काम करने में असफल साबित हो रहे हैं। जिस तरह से पानी को सड़क पर बर्बाद किया जा रहा है, आखिर गर्मी के दिनों में कहां से पानी पिलाओगे।**

आलम यह है कि विंध्यनगर मार्ग के वोल्वो के सामने कई दिनों से अमृत जल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के वजह से सड़क पर प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। कितना पानी बह गया, कोई लेखा-जोखा नही है। यहां तक कि मुख्यालय के कई ऐसे मार्ग हैं, जहां पानी सप्लाई लाइन की पाइप टूटी हुई है और पानी प्रतिदिन व्यर्थ बह रहा है। आज तो ठीक है, लेकिन आने वाला जो वक्त गर्मी का है, जहां बूंद-बूंद पानी के लिए शहरी क्षेत्र के कई ऐसे इलाके हैं, जो तरसते हैं। उस समय पानी के लिए हाय-तौबा मच जाता है। नगर निगम पर्याप्त पानी उपलब्ध नही करा पाता है। ऐसे हालात से निपटने के लिए हमे पानी को सजोना पड़ेगा। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी पेयजल को लेकर संजीदा नही दिखाई दे रहे हैं। तभी तो कई दिनों से मुख्य मार्ग पर पानी बह रहा है और जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुये हैं। जिला मुख्यालय के नगरीय क्षेत्र में कई जगह पाइप लाइन सप्लाई की पाइप फूटी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं। वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद अनिल कुमार बैस ने बताया कि कई दिनों से पाइप लाइन सप्लाई की टूटी हुई है। इस मार्ग से सभी अधिकारियों का आना-जाना होता है। सड़क पर प्रतिदिन कई हजार लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जिसकी जानकारी अधिकारियों को दी जा चुकी है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था को सुधारने में कोई दिलचस्पी नही दिखा रहे हैं। यही कारण है कि गर्मी के दिनों में वार्ड वासियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।

# आप सर्वहारा वर्ग के हित के लिए काम करने वाली पार्टी है: चंदेल



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 दिसम्बर। संपूर्ण म.प्र. में जिस तरह से म.प्र. जोड़ो अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, उसी तर्ज पर सिंगरौली जिले में भी म.प्र. जोड़ो अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।**

कार्यक्रम के संयोजक एवं कोर कमेटी सदस्य अभिमन्यु देव चंदेल द्वारा चितरंगी विधानसभा में विभिन्न क्षेत्रों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों का जैन सैलाब उमड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। अभिमन्यु देव चंदेल द्वारा बड़कुड़, बगदरा कला में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अभिमन्यु देव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की बाबा साहब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान में जिस तरह से प्रावधान किया गया है कि भारत के लोकतंत्र में वास्तविक शासक आम जनता है, इसलिए अपने अधिकारों को पहचान करके अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। श्री चंदेल ने आगे विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आप दलित शोषित वंचित पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग के हित के लिए काम करने वाली पार्टी है।




# संयुक्त दल ने बरगवां में ढाबा का किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 दिसम्बर।** कलेक्टर गौरव बैनल निर्देशानुसार एवं जिला श्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में श्रम विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज दिन शनिवार को ग्राम बरगवां राहुल ढाबा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। दल द्वारा जहाँ एक बाल श्रमिक नियोजित पाया गया। बाल श्रमिक को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाकर नियोजक के विरुद्ध कार्यवाही संस्थित की गई।

# समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही इस संगठन की सबसे बड़ी ताकत है: दिलीप

## होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 दिसम्बर। जिले में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित कमांडेंट कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके उपरांत होमगार्ड जवानों द्वारा अनुशासन, एकता एवं दक्षता का परिचय देते हुए शानदार परेड प्रस्तुत की गई, जिसकी सलामी मुख्य अतिथि ने ली। प्लाटून कमांडर योगेंद्र बहादुर सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि दिलीप शाह ने कहा कि होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा संगठन आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था बनाए रखने और समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने जवानों की निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही इस संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान श्री शाह ने आपदा प्रबंधन से जुड़े उपकरणों का निरीक्षण किया और उनकी उपयोगिता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसडीईआरएफ टीम और आपदा मित्र कार्यक्रम से जुड़े सदस्यों की भी उपस्थिति रही।

# बाबा साहब की 69वीं पुण्यतिथि पर बेलगांव में श्रद्धासुमन अर्पित



नवभारत न्यूज

**सरई 6 दिसम्बर। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला रखने वाले, संविधान निर्माता एवं समाज सुधारक डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि के अवसर पर डॉ. अम्बेडकर स्मारक स्थल, सरई तहसील अंतगर्त बेलगांव में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नतमस्तक होते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।**

कार्यक्रम स्थल पर जय भीम के नारे गूंजे और अम्बेडकर द्वारा प्रदत्त समानता, शिक्षा एवं न्याय के संदेश को याद किया गया। इस अवसर पर डीपी प्रजापति, एसपी चक्रवर्ती, एचएल प्रजापति, तुलसी साकेत, महेश कुमार प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नागरिक गण मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने दलित, शोषित और वंचित समाज को शिक्षा व अधिकारों की शक्ति प्रदान की। उनके संघर्ष और चिंतन ने देश को एक मजबूत संविधान दिया, जो आज भी भारत को लोकतंत्र के पथ पर अग्रसर कर रहा है।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की तैयारियां पूर्ण



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 दिसम्बर। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण दिसंबर माह में आयोजित किया जा रहा है।**

अभियान का संचालन कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस चरण में 5 से 9 गाय एवं भैंस पालन करने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क स्थापित कर उनके पशुओं में नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के समस्त मैदानी अमले का प्रशिक्षण विशेष रूप से कराया गया है। प्रशिक्षित दल आगामी दिनों में पशुपालकों के घर-घर पहुँचकर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करेगा।

# निर्धारित पैरामीटर के तहत कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें: जगदीश

## आकांक्षी जिले के तहत किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित, नीति आयोग के पोर्टल पर करें अपडेट



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 दिसम्बर। जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नीति आयोग के इंडिकेटर के तहत किए गये कार्यों के प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**

नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक विकास खण्ड देवसर चयनित है। बैठक के प्रारंभ में नीति आयोग के तहत निर्धारित पैरामीटरो में किए गए कार्यो की जानकारी संबंधित विभागो से प्राप्त करने के पश्चात सीईओ ने निर्देशित किया कि निर्धारित पैरामीटरो के तहत कार्य पूर्ण कर पोर्टल में अपडेट करें। साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा कृषि एवं संबंद्ध सेवाएं बुनियादी ढाचे, सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सुधार किया जाना लंक्षित है। सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि एचएमआईएस के आधार पर एएनसी पंजीयन शत-प्रतिशत करे। वही महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सालाना ईएनसी रजिस्ट्रेशन आंगनवाड़ी आशा द्वारा गृह भेट कर लोगो को जागरूक कर रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया जाये। वही गर्भवती महिलाओं का चेकअप अनिवार्य रूप से करायें एवं महिलाओं को समय पर पोषण आहार का वितरण भी सुनिश्चित करे तथा प्रसव पश्चात प्रथम स्तन पान के लिए जागरूकता लाई जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले की आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक की गर्भवती एवं धात्री माताओं का आंगनवाड़ी केन्द्रो के माध्यम चयन कर सुपोषण के लिए समयबद्ध रणनीति का क्रियान्वयन किया जाये। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने की समीक्षा तथा नियमित प्रयास करें। हायर सेकन्ड्री तथा हाई स्कूलो में शत प्रतिशत विद्युतीकरण करायें। बैठक के अंत में सीईओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से आपेक्षा किया कि आकांक्षी जिला होने के कारण अतिरिक्त प्रयास कर जिले में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर पर समुचित कार्यवाही कर पोर्टल में समय पर अपडेट करें। बैठक के दौरान अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर, सीएमचओ डॉ. पुष्पराज सिंह, डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, डीपीओ जीतेन्द्र गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।